25. श्री अचल अग्रवाल रेलवे गंज, लखनऊ

26. मो० तारीक हसन नकवी, मल–एवेन्यू कालोनी, लखनऊ

27. मो० सैफुल इस्लाम, लेस्की, लखनऊ

28. मो० जफर अली नकवी, लखनऊ

29. श्री आर० एन० सिंह, विस्वास खण्ड–3, गोमती नगर, लखनऊ

30. श्री वीरेन्द्र सिन्हा, प्रबंधक (प्रशासन), लखनऊ

31. श्री नरेश चन्द्र, भूतपूर्व राज्य मंत्री, गोपालगंज, लखनऊ

32. श्री सुभाष चन्द्र, अलीगंज, लखनऊ

33. श्री अनिल श्रीवास्तव, ऐशबाग कालोनी, लखनऊ

34. श्रीमती कमल मिश्रा मार्फत प्रमोद तिवारी

वर्ष 1993 के दौरान जारी की जाने वाली स्मारक डाक टिकटें

1212. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्ष 1993 के दौरान स्मारक डाक टिकट जारी करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है, और

(ग) वर्ष 1992 में अब तक जारी किए गए स्मारक डाक टिकटों का ब्यौरा क्या है ?

संचार मंत्रालय में उपमंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू) : (क) जी, हां।

(ख) वर्ष 1993 के दौरान डाक–टिकट जारी करने के लिए अब तक निम्नलिखित प्रस्तावों पर अन्तिम निर्णय लिया गया है :–

व्यक्तित्व :

(1) सत्यजीत रे
(2) दादाभाई नौरोजी
(3) फकीर मोहन सेनापति
(4) विलियम कैरे
(5) खान अब्दुल गफ्फार खान
(6) राहुल सांकृत्यायन
(7) पी० सी० महालानोबिस
(8) रानी रश्मणि
(9) वेंकटस्वामी नायडू
(10) दीनानाथ मंगेशकर

अन्य विषय :

(1) समुद्री सम्पदा
(2) मेरठ कालेज, मेरठ
(3) शुभकामनाएं
(4) पर्वतीय रेल इंजन
(5) पुष्पद वृक्ष
(6) 9 पैरा फील्ड रेजिमेंट की स्वर्ण जयन्ती
(7) मिलिटरी इंजीनियरिंग कालेज की स्वर्ण जयन्ती
(8) बाल दिन
(9) आई एन० ए०–स्वर्ण जयन्ती

(ग) ब्यौरा विवरण में दिया गया है।

विवरण

मौजूदा वर्ष के दौरान, 14 नवम्बर, 1992 तक जारी किए गए स्मारक/विशेष डाक टिकट

क्रम सं०	विषय	जारी करने की तारीख	मूल्यवर्ग (पैसे)	डाक टिकटों की संख्या
1.	वाई एम सी ए की राष्ट्रीय परिषद्	21-02-92	100	1
2.	अंतर्राष्ट्रीय सेतु एवं संरचनात्मक अभियांत्रिकी संस्था	01-03-92	200	1
3.	बकरियों पर पांचवां अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन	02-03-92	600	1
4.	राष्ट्रीय अभिलेखागार	20-04-92	600	1
5.	कृष्णचन्द्र गजपति	25-04-92	100	1
6.	विजय सिंह पथिक	29-04-92	100	1
7-10.	साहसी खेल (हैंड ग्लाइडिंग विंड सर्फिंग, रिवर राफ्टिंग, एण्ड स्कीइंग)	29-04-92	200, 400, 500 और 1100	4
11.	हेनरी गिडनी	09-05-92	100	1
12.	दूरसंचार प्रशिक्षण केन्द्र, जबलपुर	30-05-92	100	1
13.	उधम सिंह	31-07-92	100	1
14-17.	XXI/ओलम्पिक	08-08-92	100, 600, 500 और 1100	4
18-19.	भारत छोड़ो-1942	09-08-92	100, 200	2
20.	60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस	10-08-92	100	1
21.	डा० एस० आर० रंगनाथन	30-08-92	100	1
22.	फड़ चित्र: देव नारायण	02-09-92	500	1
23.	हनुमान प्रसाद पोद्दार	19-09-92	100	1
24-25.	भारतीय वायु सेना हीरक जयंती	08-10-92	100, 1000	2
26.	सिस्टर्स आफ जीसस एण्ड मेरी-150 वर्ष	13-11-92	100	1
27.	बाल दिवस	14-11-92	100	1